26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 22 जनवरी, 2026

अंक- 90 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेले में बैन करने की तैयारी!

प्रयागराज(एजेंसी/चिंगारी)। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के पीछे नोटिस चिपकाया गया है, जिसमें लिखा है कि मौनी अमावस्या वाले दिन इमरजेंसी के लिए रिजर्व रखे गए पांटून पुल पर लगाए गए बैरियर को उन्होंने तोड़ दिया और बिना अनुमति बग्घी के साथ संगम की तरफ बढ़ने की कोशिश की। उस दौरान संगम क्षेत्र में भारी भीड़ थी, जिससे भगदड़ की आशंका पैदा हो गई और व्यवस्था बिगड़ गई। नोटिस में प्रशासन ने पूछा है कि उनके इस आचरण के चलते उन्हें हमेशा के लिए मेले में प्रवेश से प्रतिबंधित क्यों न कर दिया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर 24 घंटे में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो शंकराचार्य संस्था को दी गई जमीन व सुविधाएं रद्द की जा सकती हैं और भविष्य में मेला क्षेत्र में आने से रोका जा सकता है। प्रशासन ने एक और मुद्दा उठाया है। मेले में खुद को 'शंकराचार्य' बताते हुए बोर्ड लगाने पर नोटिस में कहा गया है कि यह अदालत के आदेश का उल्लंघन माना जा सकता है। इससे पहले मंगलवार सुबह 8 बजे कानूनगो अनिल कुमार के जरिए प्रशासन ने पहला नोटिस शिविर के गेट पर चस्पां कराया था, उसमें सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के आदेश का हवाला देते हुए पूछा गया था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य घोषित कैसे कर लिया।



# सूर्योदय से सूर्यास्त तक प्रार्थना कर सकेंगे

## धार भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि कल दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए, पीठ ने कहा कि ये संख्या जिला प्रशासन को आज ही बता दी जाए। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है या कोई और सही तरीका अपना सकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। हिंदू पक्ष ने 20 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें मांग की गई है कि बसंत पंचमी के पूरे दिन धार भोजशाला में अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए। बसंत पंचमी इस साल शुक्रवार के दिन पड़ रही है और शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग धार भोजशाला में जुमे की नमाज पढ़ते हैं। यही वजह है कि ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई की। हिंदू फॉर जस्टिस की तरफ से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन और हरिशंकर जैन ने दलील पेश की। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने बाबा कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पक्ष रखा।




### क्या है विवाद ?

मध्य प्रदेश के धार में एक एएसआई संरक्षित स्मारक है। हिंदू पक्ष के लोग इसे देवी सरस्वती का मंदिर मानते हैं।

साथ ही यहां मौलाना कमालुद्दीन की मस्जिद है, जिसके चलते मुस्लिम पक्ष भी इस स्मारक पर अपना दावा करता है। 18वीं सदी में यहां अंग्रेज सरकार ने खुदाई कराई थी, जिसमें देवी सरस्वती की प्रतिमा भी निकली थी। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गए थे, जो आज भी लंदन संग्रहालय में मौजूद है। देवी सरस्वती की उस प्रतिमा को भी वापस लाने की कोशिश चल रही है। दोनों पक्ष इस स्मारक पर दावा करते हैं।

## सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी विकासपुरी हिंसा मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को बरी कर दिया है। इस मामले में दो लोगों की मौत हुई थी। वहीं एक पीड़ित परिवार के सदस्य ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के 10 सदस्यों को खो दिया था। वे सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। अपने बचाव में सज्जन कुमार ने कहा था कि वह निर्दोष हैं और इस घटना में कभी शामिल नहीं हुए। उन्होंने तर्क दिया कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। कोर्ट का यह फैसला मामले की सुनवाई के बाद आया है, जिसमें दोनों पक्षों को सुना गया। कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह निर्णय लिया है। जनकपुरी का मामला एक नवंबर, 1984 को दो सिखों, सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से संबंधित है। दूसरा मामला विकासपुरी पुलिस स्टेशन में दो नवंबर, 1984 को गुरचरण सिंह को जलाने के मामले में दर्ज हुआ था। सात जुलाई को अपना बयान दर्ज कराते समय पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने कोर्ट के सामने कहा था कि वह दंगों की जगह पर मौजूद नहीं थे और उन्हें झूठा फंसाया गया है।



### पीड़ित परिवार सुप्रीम कोर्ट का करेगा रुख

1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों का दर्द आज भी ताजा है। एक पीड़ित परिवार के सदस्य ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के 10 सदस्यों को खो दिया था। उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की। सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवार के सदस्य का कहना है कि मैंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया। सज्जन कुमार को अब तक फांसी की सजा क्यों नहीं दी गई। हम सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे।

Ather स्पेशल ऑफर Ather

पुरानी टू व्हीलर को अलविदा कहो
नई Ather के साथ आगे बढ़ो

स्पेशल ऑफर
महालोन एंड
एक्सचेंज मेला

आवश्यकता है - अनुभवी शोरूम
मैनेजर व सेल्स एग्जीक्यूटिव की।

Sunday 25
Jan: 2026



Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank,
Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# हाईवे किनारे कालोनियों में मिट्टी के अवैध भराव की शिकायत




डीएम को शिकायती पत्र देते किसान।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों ने नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर रोष जताते हुए डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जेसीबी मशीन से खनन पर सख्त प्रतिबंध के स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद पोकलैंड व जेसीबी जैसी भारी मशीनों से लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। आरोप है कि हाईवे के किनारे बड़े पैमाने पर कॉलोनियों के लिए भराव किया जा रहा है, जिससे नियमों की अनदेखी के साथ सड़क सुरक्षा व पर्यावरण को भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। शिकायती पत्र देने वालों में मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़, प्रदेश प्रवक्ता जावेद राईन, मंडल प्रभारी दलवीर चौधरी, रामोद कुमार, नरेंद्र सिंह, नीरज चौधरी आदि किसान उपस्थित रहे।

# ब्रह्मा बाबा का 57 वां स्मृति दिवस मनाया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्मा बाबा का 57 वां स्मृति दिवस मनाया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी गीता दीदी रुड़की से नजीबाबाद पहुंची। साथ ही लेक्चरार उर्मिला आर्य समाज इंटर कॉलेज एवं विनय गुप्ता अवर अभियंता सेवानिवृत्ति ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड साहनपुर, शमशेर सिंह राठी ने ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी गीता बहन ने कहा ब्रह्मा बाबा ने अपने कर्तव्य से हमें हर करम करना सिखाया। बाबा ने परिस्थितियों को सहन करना भी सिखाया, कैसे नई दुनिया की स्थापना करनी है, कैसे निराकार का कहना मानना है, सारा कुछ परमात्मा ने बाबा के मुख द्वारा हमें सिखाया। केंद्र के सभी भाई-बहनों ने बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पीड़िता ने शिकायत भेजकर सीएम से लगाई न्याय की गुहार

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा साहनपुर निवासी गुलनाज पुत्री स्व. छोटे ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत भेजकर उसके पति द्वारा उसे घर बुलाकर परिजनों के साथ मारपीट कर तीन तलाक देकर पुणे भागने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में कहा गया है कि थाना बढ़ापुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिससे उसने परेशान होकर थाना नजीबाबाद में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर उसे कार्रवाई का दिया। पत्र में कहा गया है उसकी शादी 2021 में इंतजार पुत्र शकील निवासी ग्राम तारापुर थाना बढ़ापुर के साथ हुई थी।

# वीर शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शैलेंद्र चौधरी ने किया उद्घाटन



नजीबाबाद (चिंगारी)। वीर शहीद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के पहुंचने पर जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद, सोमेंद्र तोमर व मुजम्मिल एवं उनकी टीम ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। उद्घाटन मैच के बाद जिला अध्यक्ष ने विजेता टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (मैन ऑफ द मैच) को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चैधरी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन व टीम भावना पैदा करते हैं। अपना दल (एस) हमेशा युवाओं को उचित मंच प्रदान कर उनके नेतृत्व को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगामी युवा महोत्सव सांस्कृतिक सद्भाव सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

# राजकुमार अदलखा का 70 वां जन्मदिन भव्यता के साथ मनाया गया



श्री राजकुमार अदलखा के जन्मदिन पर अधिकारियों संग केक काटते संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर



श्री राजकुमार अदलखा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आज उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में ग्रुप के सीएमडी श्री राजकुमार अदलखा का 70 वां जन्मदिन उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ मनाया गया। जहां केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हुए मिल में मिठाई बांटी गई, वहीं किसानों को भी हलवा बांटने की तैयारी की जा रही थी।

आज उत्तम शुगर मिल्स ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री राजकुमार अदलखा का 70 वां जन्मदिन है। इस शुभ अवसर पर बरकातपुर चीनी मिल में सर्वप्रथम मंदिर में पूजा कर उनके दीर्घायु होने एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। उसके बाद संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर के कार्यालय में केक काटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी गईं। सीएमडी राजकुमार अदलखा का जन्मदिन मिल अधिकारियों ने पूर्ण उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ मनाया। संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने कहा कि ईश्वर सीएमडी सर को अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें। उनके प्रयासों से क्षेत्रीय किसानों और मजदूरों को अधिकाधिक सुविधायें प्राप्त हों। मिल कर्मचारियों को मिठाई बांटी गई तथा शाम के समय मिल गेट पर किसानों को हलुआ बांटने की तैयारी की जा रही थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष (डिस्टलरी) जेपी त्रिपाठी, सीजीएम (इंजीनियरिंग) अतेन्द्र शर्मा, महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, महाप्रबंधक (ऊर्जा) अनिल शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अर्जुन कौशिक, वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) आरपी मलिक सहित मिल के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रदेव भारती की पत्नी का निधन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्शनगर निवासी वरिष्ठ गीताकर एवं सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रदेव भारती की धर्मपत्नी शिक्षिका एवं कवियत्री ज्योत्सना भारती का बुधवार को दोपहर देहांत हो गया। उनका गुरूवार को हरिद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्यकारों व मीडियाकर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। चिंगारी परिवार भी उनके निधन पर संवेदना व्यक्त करता है।

# विधायक हाजी तसलीम अहमद के प्रयास से हरिद्वार बाईपास का जल्दी शुरू होगा निर्माण



नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने बताया है कि आजाद चैक से हरिद्वार बाईपास मार्ग की स्थिति उनके संज्ञान में पिछले काफी समय से है। 1700 मीटर का यह रोड भारी वाहनों के आवागमन के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसके निर्माण का मुद्दा उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग को भेजी गई कार्य योजना में उन्होंने इसके फोर लेन में चैड़ीकरण के निर्माण की मांग की है। साथ ही विधानसभा सत्र में नियम 51, नियम 301 व याचिकाओं के माध्यम से इसके निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्रवासियों को बताना चाहते है कि कार्य योजना शासन में जाने के बाद उनके द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुपालन में शासन द्वारा इस कार्य के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड 2, नजीबाबाद से प्रांकलन (एस्टीमेट) मांगा। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद ने विद्युत विभाग नजीबाबाद से विद्युत लाईन शिफ्टिंग हेतु एस्टीमेट मांगा, ताकि मार्ग निर्माण के एस्टीमेट में इस धनराशि को जोड़ा जा सके। जिसके बाद विद्युत विभाग ने सर्वे कर 50.99 लाख रुपये यूटिलिटी शिफ्टिंग का एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी को भेजा। जिसको मार्ग के चैड़ीकरण की लागत में सम्मिलित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत इस मार्ग का एस्टीमेट, जिसकी लागत 1614.57 लाख दोनों ओर नाला निर्माण सहित प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है।

चिंगारी

हल्दौर

में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद इरशाद मलिक

संवाददाता

कॉल/व्हाट्सएप - 7017636765

# टिक फीवर के कारण मंदिर में परिक्रमा कर रहा था कुत्ता

## पीसीआर टेस्ट से हुआ खुलासा

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम नंदपुर स्थित नंदलाल देवता महाराज के मंदिर में परिक्रमा करने वाले कुत्ते को इलाज के दौरान टिक फीवर होने की शिकायत सामने आई है। कुत्ते के इलाज की जिम्मेदारी निभा रहे ट्रस्ट के संचालक का दावा है कि टिक फीवर के कारण ही कुत्ते में लगातार घूमने वाली स्थिति बनी थी। हालांकि एमआरआई के लिए अभी कुत्ते के और स्वस्थ होने का इंतजार किया जा रहा है। कुत्ता अभी भी इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती है।

सात दिन तक कुत्ते द्वारा की गई परिक्रमा को लेकर चर्चा में आए नगीना–बढ़ापुर मार्ग स्थित प्राचीन मंदिर में बुधवार को भी श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाने में लगे हुए हैं। कुत्ते को इलाज के लिए दिल्ली लेकर गए प्रेम पथ एनिमल शेल्टर ट्रस्ट के अश्वनी चित्रांश ने बताया कि कुत्ते का अब नोएडा स्थित शिवालय एनिमल शेल्टर में इलाज चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई दिनों के कड़े प्रयास के बाद उन्हें बुधवार को बड़ी सफलता उस समय हाथ लगी जब पीसीआर टेस्ट के द्वारा कुत्ते के लगातार घूमने का कारण पता चल सका। उनका कहना है कि


नगीना के ग्राम नंदपुर के मंदिर में परिक्रमा करने वाले कुत्ते का नोएडा में इलाज करते चिकित्सक।

टिक फीवर के दौरान कुत्ते को तेज बुखार आया होगा। ऐसी स्थिति में दिमाग में सूजन आ जाती है तथा दिमाग

## नोएडा के शिवालय एनिमल शेल्टर में चल रहा है इलाज

सही से काम नहीं करता, वह लगातार घूमने जैसी स्थिति में पहुंच जाता है। उनका कहना है कि बुखार कम होने के बाद भी वह अपना असर छोड़ जाता है। दिमाग में उसका कितना असर बाकी है, इसकी सही जानकारी एमआरआई टेस्ट द्वारा ही पता चल सकेगी। उन्होंने दावा किया कि जब तक कुत्ता पूरी तरह स्वस्थ नहीं होगा। एमआरआई टेस्ट नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया अभी कई दिन और कुत्ता नोएडा व दिल्ली के अस्पताल में इलाज के लिए उनकी निगरानी में रहेगा।

# बाइक फिसलने से एक की मौत, दो सहपाठी घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** हरेवली मार्ग पर बाइक फिसलने से हुए हादसे में स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो सहपाठी घायल हो गए।

गांव शहजादपुर निवासी पूर्व प्रधान मौ. हारून का 18 वर्षीय पुत्र सद्दाम धामपुर के एक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता था। बुधवार की शाम वह अपने सहपाठी शान (18 वर्ष) पुत्र अकील अहमद, समीर (17 वर्ष) पुत्र लड्डन खां निवासीगण ग्राम कुराली थाना बढ़ापुर के साथ बाइक से स्कूल से लौट रहा था। जब ये गांव वाजिदपुर के पास मोड़ पर पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे तीनों छात्र घायल हो गये। परिजनों द्वारा तीनों को उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां से सद्दाम को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजन उसे मुरादाबाद ले गये, जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई।


मृतक सददाम का फाइल

### इकलौता चिराग था सद्दाम

**मृतक सद्दाम ग्राम शहजादपुर के पूर्व प्रधान मौ. हारून के पांच बच्चों में इकलौता पुत्र और चार बहनों का इकलौता भाई था, वह परिजनों का लाडला था। हादसे से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस हृदय विदारक घटना से गांव में शोक व्याप्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक हारुन के आवास पर भारी भीड़ लगी थी। सद्दाम को सुपुर्द ए खाक करने की तैयारी चल रही थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।**

## सूचना

मेरा पुत्र दीपक मेरे कहने से बाहर हो गया है। अत: मैंने उससे अपने सभी प्रकार के संबंध खत्म कर लिये हैं। मैंने उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कार्यों व लेनदेन के प्रति मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। –**बिजेन्द्र पुत्र श्री प्रकाश, ग्राम फरीदपुर काजी, परगना, तहसील व जिला बिजनौर**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## गैर सम्प्रदाय के युवक के साथ फ़रार हुई लड़की, ग्रामीणों की भीड़ भड़की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को क्षेत्र के एक गांव की युवती गैर सम्प्रदाय के अपने प्रेमी के साथ फ़रार हो गई। जानकारी होने पर युवती के परिजनों व ग्रामीणों ने युवक के घर पर हंगामा किया। लोगों ने युवती की बरामदगी को लेकर नूरपुर–नहटौर मार्ग पर जाम लगा दिया था। सूचना मिलने पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर किसी तरह स्थिति को संभाला। पुलिस द्वारा युवती की बरामदगी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला। ग्रामीणों का कहना था कि यदि जल्द ही युवती को बरामद नहीं किया गया तो पुन: जाम लगाया जाएगा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक शब्बू के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। अलग–अलग समुदाय का मामला होने के कारण गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रेमी जोड़े की तलाश में जुट गई है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है !

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी...

## धर्म की आड़ में पाखण्ड

देश में इस समय ऐसे कथावाचकों संतों और मुल्ला-मौलवी की भरमार है, जो धर्म/मजहब के नाम पर अज्ञानता और पाखण्ड परोस रहे हैं। विडम्बना है, इनको समाज और सरकार द्वारा भरपूर प्रोत्साहन मिल रहा है। मीडिया भी ऐसे में पीछे नहीं है और कथित संतों की अनर्गलन बातों को ऐसे सिर माथे ले रहा है, मानो ज्ञान सिर्फ उन्हीं तक सीमित हो। हालांकि कई तथाकथित संतों, कथावाचकों और मौलानाओं के पाखंड और दुष्कर्मों का पर्दाफाश भी हो चुका है। कुछ साल पहले आसाराम बापू को पुलिस ने यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया था, जो अभी भी जेल में है। शाहजहांपुर की एक नाबालिग लड़की ने आसाराम बापू पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इस मामले में आसाराम को अदालत से सजा सुनाई गई। यह भी उल्लेखनीय है कि पीड़िता का परिवार आसाराम का अंधभक्त था और कल्पना भी नहीं कर सकता था कि जिसे वे पूजते हैं, वह भी हैवानियत की हदों तक उतर सकता है। यह सही है कि देश में उनके समर्थकों का भी एक बड़ा समुदाय है, इसके बावजूद भीड़ हर समय सही रास्ते पर ही हो, यह नहीं होता। कई बार तो भीड़ दिशाहीन तक होती है और उसका अपना कोई सोच व तर्क काम नहीं करता। जो हो, यह सुखद है कि आसाराम बापू ने जिस प्रकृति का अपराध किया था, उसके विरोध में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर निकले। आसाराम की तरह कुछ और तथाकथित संतों को दुष्कर्म जैसे मामलों में सजा हुई है। आश्चर्य है कि इसके बावजूद इन कथित संतों के अंधभक्तों की आंखों पर बंधी आस्था की पटटी खुली नहीं है। तथाकथित संतों के साथ-साथ दूसरे धर्म/मजहबों के कथित धर्मगुरुओं के कर्मकाण्ड भी किसी से छिपे नहीं हैं। उनके पाखंड व दुष्कर्मों का भी कई बार पर्दाफाश हुआ है। व्यापक जनसमुदाय को धर्म के नाम पर संकीर्ण, सतही और निरर्थक जानकारियां देकर बहलाने की कला के चलते निम्न मध्यम वर्ग/निम्न वर्ग के कम पढ़े-लिखे तबके को अपने साथ जोड़ने में भले ही ऐसे संतों/मौलानाओं को सफलता मिली हो, मगर वास्तविक संत और धर्मगुरु के लिए मिलने वाला आत्मीय सम्मान समाज के गम्भीर वर्गों के बीच वह कभी नहीं पा सके।

# अपने जीवन में नयापन लाएं!

**उपनिषद् में कहा गया है कि वास्तव में समय नहीं बीतता, हम बीत जाते हैं। हम इस नये वर्ष में नये गुण, नई सोच, नई विधा, नया चिंतन और अच्छे कर्म अपने जीवन में ले आएं। किसी नादान की तरह नहीं जिएं। जिएं तो एक जाग्रत व्यक्ति की तरह जिएं। जब हम जाग्रत होकर जिएंगे, तो बाहर-अंदर सब कुछ नया होगा। हम जाग्रत जीवन जीने का संकल्प लें और अपने जीवन में नयापन लाएं।**



▶▶ आनंदमूर्ति गुरु मां

### मन को अच्छी बातों से जोड़ें

नये साल में संकल्प करने की परंपरा है। बहुत से लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है और मन की कमजोरी दूर हो जाती है। बहुत से लोग संकल्प तो करते हैं, परंतु उसे पूरा नहीं कर पातें, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जरूरी है कि हम अपने मन पर नियंत्रण करें। उसके गुलाम नहीं बने। यह कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है ईमानदारीपूर्वक निरंतर प्रयास करने की। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, परंतु अगर उसे ऊपर उठाना हो, तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही हमारे मन के लिए नीचे गिरना आसान और सहज है, मन को ऊंचा उठाना बहुत मुश्किल है। मन के लिए अच्छी बातों से जुड़ना बहुत मुश्किल है, उनको छोड़ देना सहज है।

### कल की नहीं, आज की करें चिंता

मन की आदतें ऐसी होती हैं कि उन्हीं आदतों में मन को सुविधा महसूस होने लगती है। हमारा मन कुछ आदतों को पाल लेता है और उन्हीं में खुश रहता है। भूतकाल बीत चुका है, परंतु वर्तमान आपके हाथ में है, इसलिए आने वाले कल में क्या होगा, यह आपके आज पर निर्भर करता है। अगर आप अपने आज को साधनापूर्ण, शांतिपूर्ण और सुंदर बना लोगे, तो निश्चित रूप से आपका कल भी वैसा ही होगा। आने वाले कल की चिंता आज नहीं करनी चाहिए, लेकिन आज की चिंता अवश्य करनी चाहिए, समस्या यह है कि लोग आने वाले कल की चिंता तो बहुत करते हैं, पर आज की जरा भी नहीं करते।

### नई सोच, नया चिंतन

जब आप खुद संकल्प करोगे कि मैं यह करूंगा, तो आप उसे खुशी से कर लोगे। आपका अहंकार और अपने प्रति प्यार आपको उस संकल्प को पूरा करने के लिए मजबूर करेगा, इसलिए यह विचार अवश्य करना चाहिए कि हम अपने जीवन की नैया को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। नहीं तो सच बात यह है कि समय भागा जा रहा है। उपनिषद् में कहा है कि वास्तव में समय नहीं बीतता, हम बीत जाते है। साल नहीं बीता, हम बीत गए हैं।

### जाग्रत मन से जिएं

कुछ नये गुण, नई सोच, नई विधा, नया चिंतन और कुछ अच्छे कर्म आप अपने जीवन में ले आएं। किसी नादान की तरह मत जिएं। जिएं तो एक जाग्रत व्यक्ति की तरह होशपूर्वक जिएं। जाग्रत व्यक्ति की तरह जीने के लिए आपको जाग्रत होना पड़ेगा। जाग्रत व्यक्ति के साथ होने का मतलब है कि वे जो ज्ञान दे रहे हैं, उस ज्ञान के साथ रहना। सत्संग के साथ, विचार के साथ, चिंतन के साथ जिएं। हमारे विचार ऐसे उत्तम होने चाहिए कि हमारे हाथ से कभी कुछ गलत हो ही नहीं। हमारी जीभ कुछ गलत बोले ही नहीं, हमारी आंख कुछ गलत देखे ही नहीं, हमारे कान कुछ गलत सुनें ही नहीं।

### इंद्रिय कामनाओं से बचें

याद रखना इस बात को कि जो कुछ आप अपने अंदर डालोगे, वही आपसे बाहर आयेगा। वही देखें और सुनें, जिससे मन में प्रेम, करुणा, दया इत्यादि भावनाएं निर्मित हों। वही सुनें, जिससे साधना, ज्ञान, वैराग्य, भक्ति बढ़ती जाए। जिनसे मन में क्रोध, कामना, दुविधा बढ़े, ऐसी चीजों से अपनी इंद्रियों को बचाएं। इंद्रिय जनित ये तात्कालिक सुख पहले तो इंसान को लुभाते हैं, फिर भरमाते हैं और फिर खूब भटकाते हैं। अंत में यही तात्कालिक सुख उसके समस्त दुखों का कारण बनते हैं। मन शांत, सात्विक और शुद्ध रहेगा तो फिर प्रभु उस मन में बड़ा सुंदर आसन जमाकर बैठ जायेंगे। इसलिये स्वयं को नया करना जरूरी है।

# अपने जीवन में आये दुःख का मनुष्य स्वयं ही है जिम्मेदार

ईश्वर ने हमें जो मनुष्य का चोला दिया है, हमें इसे ईश्वर की अनुपम देन समझकर जीवन जीना चाहिये। यह सही है कि जीवन में कभी सुख आता है, तो कभी दुःख, लेकिन हमें न तो सुख में खुशी से अधिक फूलना चाहिये और न ही दुःख में अधिक दुःखी होना चाहिये, बल्कि अपना जीवन ऐसे जीना चाहिये जैसे वह धूप तथा छाया को एक समान जीता है। बल्कि यह सोचना चाहिये कि हमारा जीवन सुख और दुःख दोनों का मिश्रण है। इसीलिए जीवन में जब सुख आता है तो मनुष्य शान्ति और चैन का अनुभव करता है और इसी समय वह सुख के नशे में और कुछ नहीं सोचता, बस मस्त रहता है। यहां तक कि वह ईश्वर को भी भूल जाता है। इसके विपरीत जब जीवन में दुःख आता है, तो वह अपने भाग्य को कोसने लगता है। वह इस बात पर विचार नहीं करता कि दुःख किस कारण से आया है। वैसे तो दुःख के अनेक कारण बताये गये हैं लेकिन दुःखों का मूल कारण अज्ञान, भ्रम तथा मोह में से ही एक होता है। इस सम्बंध में जब एक विद्वान से पूछा गया कि दुःख किसका दिया हुआ है, तो उसने कहा कि मनुष्य ने स्वयं अपने प्रमाद के कारण दुःख को आमंत्रण दिया है। इसे यह भी कहा जा सकता है कि अपने जीवन में आये दुःख का मनुष्य स्वयं ही जिम्मेदार है। वैसे दुःखों से मुक्ति न होने का मूल कारण यह है कि मनुष्य दुःखों के मूल को नहीं उसके बाहरी कारण को ही खोजता है। यदि मनुष्य जीवन में ईश्वर द्वारा जो भी दिया गया है, उस पर सन्तोष कर ले तथा स्वयं से अधिक सुखी, दूसरों को देखकर ईर्ष्या, डाह, जलन की भावना अपने मन में न लाये तो निश्चित रूप से वह स्वयं को भी सुखी महसूस करेगा।



**सुरेंद्र कुमार कपूर**
कपूर कोल डिपो, नई बस्ती, बिजनौर

# दावे और आपत्तियों के निस्तारण में तेजी लायें बीएलओ- डीएम

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित उनके कैंप कार्यालय में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 6 जनवरी, 2026 से आगामी 6 फरवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियों का कार्य जारी है। उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है तथा उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है, जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अब तक जिला बिजनौर की आठों विधानसभा क्षेत्र में फार्म 6-46754, फॉर्म 7-2088 तथा फार्म 8-22333 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा-युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे, साथ ही दावे और आपत्तियों के निस्तारण के कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को क्रियाशील करें ताकि एसआईआर के कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, सपा से अख़लाक़ अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी व क़ाज़ी आतिफ़ मौजूद थे।

---



## पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर, बिजनौर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क जागरूकता के लिए पोस्टर चस्पां किए गए। इस कार्यक्रम द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक सन्नी कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में कराया गया।

## आयुष व परमजीत ने किया नाम रोशन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर के दो होनहार खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। ग्राम अकौंधा निवासी आयुष कुमार पुत्र सतीश कुमार ने टीम की कप्तानी करते हुए अपनी सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता से टीम को सेकंड पोजीशन तक पहुंचाया और उत्तर प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया। वहीं, दूसरे खिलाड़ी परमजीत पुत्र त्रिवेंद्र सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट बागड़पुर ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता से लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का उनके गांवों ग्राम बागड़पुर और ग्राम अकौंधा में जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और परिजनों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला, माला अर्पण कर दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और मिठाइयां बांटी गईं। पूरे गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला।

## कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में हुआ सीएमई का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बिजनौर में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं एकेडेमिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डा. श्यामतीर्थ सिद्धपुरुष शुक्रताल मुजफ्फ़रनगर, संस्थान के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार ने दीप प्रज्वलन से किया। धन्वन्तरी वन्दना बी.ए.एम.एस. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सलोनी, कृति,श्रुति एवं नमन ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डा. सतीश सोनू उपस्थित रहे। वहीं डा. श्यामतीर्थ सिद्धपुरुष शुक्रताल मुजफ्फरनगर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने अपने संबोधन में सीएमई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुग्गुल कल्प के निर्माण एवं चिकित्सीय उपयोग का विस्तार से वर्णन करते हुए आयुर्वेदिक शिक्षा, शोध एवं निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. मुदित चौहान ने किया। सीएमई में बिजनौर प्रख्यात चिकित्सक डा. अशोक चौधरी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डा. अमोल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथियों, सभी वक्ताओं, शिक्षकों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. अजीत व डा. इमरान, डा.गौरव, डा.तमन्ना, डा. शालिनी, डा. बुर्शा, डा. शिखा, डा. विशाल, अरविन्द सहित अन्य सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा।

## अपने ही मासूम बच्चे की हत्या में मां को 10 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सक्षम ने 15 माह के मासूम बच्चे की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में आरोपी मां अफ़साना को दोषी पाते हुए दस वर्ष की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत के अनुसार शहजाद निवासी दारानगर थाना कोतवाली शहर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसकी पत्नी अफ़साना ने 25 दिसंबर 2018 को एक पुत्र को जन्म दिया था, जिसका नाम हुजैफा था। छह मार्च 2020 को दोपहर दो बजे के करीब नमाज के समय शहजाद की पत्नी अफसाना ने किसी बात को लेकर झुंझलाहट में आकर गोद से 15 माह के बच्चे को अचानक तेजी से झटक दिया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। उक्त घटना को शहजाद की बहन सना और उसकी मां हाजरा ने देखा। उक्त मामले में पति ने अपनी पत्नी आरोपी अफ़साना के खिलाफ शहर कोतवाली में मासूम बच्चे की गैर इरादतन हत्या करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी अफ़साना के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। उक्त मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने आरोपी अफ़साना को दोषी पाते हुए दस वर्ष की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## विधायक ओम कुमार के प्रयास से नालों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर नगर पालिका क्षेत्र में 3 स्थानों पर पानी की निकासी के लिए भाजपा विधायक की संस्तुति पर शासन ने तीन बड़े नाले बनवाने के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत करके प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रुपए भेजे हैं।

जानकारी के अनुसार नहटौर नगर पालिक क्षेत्र में मौहल्ला होलियान वार्ड नंबर 5 तथा वार्ड नंबर 3 मोहल्ला बागवान नकटा में 3 स्थानों पर वर्षा के दिनों में जल भराव हो जाता था, जिससे बड़ी किल्लत का सामना करना पढ़ रहा था। नागरिकों ने समस्या के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि को मामले से अवगत करा समस्या के समाधान की मांग की थी, जिस पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने इस समस्या के समाधान हेतु नहटौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ओमकुमार को मामले से अवगत कराया, जिस पर विधायक ओम कुमार ने समस्या के समाधान हेतु नगर विकास मंत्री को समस्या से अवगत कराकर समाधान किए जाने की मांग की थी, जिस पर शासन ने समस्या के समाधान हेतु एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत करके जिसमें से प्रथम किस्त 50 लाख रुपए की धनराशि नहटौर नगर पालिक को भेज दी गई है।

# 11 लाख की लागत से बिल्डिंग बनाई, मगर शुरू नहीं हो सकी पढ़ाई

## अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही बिल्डिंग

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर में आजादी से पूर्व स्थापित करोड़ीमल स्मारक माध्यमिक विद्यालय का ऊंचीकारण करके करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय की स्थापना किए जाने का नगर के शिक्षाविदों और समाजसेवियों का प्रयास एक कल्पना बनकर रह गया है । वर्ष 2000 में 11 लाख रुपए की लागत से नगर के शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय की स्थापना के लिए नहटौर बायपास मार्ग पर के एम इंटर कॉलेज की भूमि पर बिल्डिंग का निर्माण कराया था। जिसके अंतर्गत कॉमर्स विषय में कक्षाएं संचालित करने के लिए तीन कमरे, एक प्राचार्य कक्ष, एक पुस्तकालय और एक स्टाफ के लिए कॉमन रूम बनवाया गया था।

वर्ष 2000 में यहां एसडीएम के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी अनिल सागर के एम इंटर कॉलेज के पदेन प्रबंधक थे। उनके कार्यकाल में जब करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय का शिलान्यास कराया गया तो रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के तत्कालीन कुलपति के कर कमलों से यह कार्य संपन्न हुआ।

शिक्षाविद डॉक्टर शंकर लाल शर्मा क्षेम ने बताया कि इसके पश्चात नगर के समाजसेवियों के सहयोग से बिल्डिंग का निर्माण प्रारंभ हुआ और जब बिल्डिंग पर चौखट का पूजन हुआ तो यह कार्य तत्कालीन माध्यमिक शिक्षा मंत्री डॉ. नेपाल सिंह के कर कमलों से सम्पन्न हुआ था। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग बनाने का कार्य जब पूरा हो गया तब क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने दो बार कक्षाएं संचालित कराए जाने हेतु बिल्डिंग का निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि उस दौरान गठित कमेटी में करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय का एसडीएम को पदेन अध्यक्ष बनाया गया था इसके अलावा विद्यालय के संचालन कराए जाने हेतु कार्यकारिणी का गठन हुआ था। परंतु कमेटी के कुछ लोगों की अति महत्वाकांक्षा और कार्यकारिणी में पदों को लेकर हुई खींचातानी के कारण महाविद्यालय संचालक का कार्य अधर में लटक गया। जिस कारण वर्ष 2000 में 11 लाख रुपए की लागत से बनाई गई बिल्डिंग अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है । इस बिल्डिंग की देखभाल न होने के कारण इसके आसपास बड़े-बड़े कटीले पौधे उग आए हैं ,दिन ढलते ही यहां नशेड़ियों का आना शुरू हो जाता है। बिल्डिंग की देखभाल और रखरखाव न होने के कारण करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय एक कपोल कल्पना बनकर रह गया है।


करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय का मुख्य गेट।


स्कूल की बिल्डिंग।

## पट्टे की स्वीकृति नहीं हो सकी


सुभाष चंद्र

केएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय के एम इंटर कॉलेज की भूमि पर बना हुआ है, लेकिन इसके रखरखाव की जिम्मेदारी के एम इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के पास नहीं है, क्योंकि महाविद्यालय की प्रबंध कमेटी अलग बनी हुई है। उन्होंने करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय प्रारंभ न होने के बारे में बताया कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति को यह भूमि 99 साल के पट्टे पर शिक्षा निदेशक से लेनी चाहिए थी, परन्तु पट्टे की स्वीकृति नहीं होने के कारण विद्यालय का संचालन अधर में लटक गया। इसके अलावा दोनों विद्यालयों की प्रबंध समिति भी एक होती तो विद्यालय का उच्चिकरण हो सकता था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कई बार करोड़ीमल मेमोरियल महाविद्यालय की बिल्डिंग को एनसीसी ऑफिस, बैंक या किसी अन्य संस्थान को देने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे प्रबंध समिति ने स्वीकार नहीं किया।

# जंगली जानवरों से मानव जीवन एवं फसलें बचायें फसल व जन हानि होने पर उचित मुआवजा दिलायें


शिवसैनिक उ.प्र. एवं उत्तराखण्ड के वन अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए।

## शिव सैनिकों ने वन अधिकारियों को भेजा पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिव सेना जिलाध्यक्ष चौ. संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों एवं क्षेत्रीय कृषकों ने जंगली जानवरों से फसल एवं जन जीवन की सुरक्षा हेतु उप वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़ के माध्यम से प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग उ.प्र. बिजनौर को सम्बोधित तथा वन क्षेत्राधिकारी नगीना रेंज के माध्यम से प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव उत्तराखण्ड को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंगली जानवरों द्वारा नष्ट की गई फसल का सर्वेक्षण कराकर मुआवजा दिलाने, प्रभावित क्षेत्रों में वाच टावर लगाने, वन सीमावर्ती क्षेत्र में मोशन सेंसर अलार्म एवं हाई मास्ट निगरानी लाइट्स लगवाने, जंगली जानवरों के हमले से जनहानि होने पर मृतक के आश्रितों को पचास लाख रुपए तथा घायल को उचित मुआवजा दिलाने, वन विभाग की रेसक्यू टीम को सक्रिय किये जाने तथा क्षेत्रीय जनता की सुरक्षा हेतु जन जागरण अभियान चलाये जाने की मांग की गई है।

इस दौरान मण्डल प्रमुख एडवोकेट आर.के.आर्य, यूवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी, मनवीर सिंह यादव, सरदार कुलदीप सिंह, बदन सिंह, सन्दीप धनकड़, शिवसेना ग्राम पंचायत अध्यक्ष इस्लाम नगर परशुराम जी, आदर्श सिंह, विजय यादव, तेजपाल सिंह, तेजपाल राणा, हरपाल राणा, अनिल राठी, बंटी यादव, रोहित राणा, अनिल फोगाट, पंकज चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, सरदार तेजपाल सिंह, बिट्टू , रूबी, विक्की, गीता, गामा, रतनसिंह, इन्द्रजीत सिंह गुरुसेवक, पूर्व प्रधान विनोद काला अतरसिंह, क्षेत्रपाल सिंह, सोनू सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही आदि शिव सैनिक एवं कृषक मौजूद रहे।

# सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

### कथा वाचक को भेंट की सब्जियों से बनीं पगड़ी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला साहूवान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का बुधवार को वैदिक विधि विधान से समापन हो गया। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज महाराज ने कहा कि दो मित्रों के बीच मित्रता स्वार्थ रहित और निष्कपट होनी चाहिए जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमें भगवान कृष्ण और उनके बाल सखा सुदामा के जीवन से मिलता है। इस दौरान प्रदर्शित की गई कृष्ण सुदामा मिलन की झांकी जहां आकर्षक एवं मनोहारी रही वहीं भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों से कथा स्थल कर मौजूद भक्त तालियां बजाकर झुमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में अन्नू भैया भगवान होटल वालों के परिवार की ओर से कथा वाचक जी को विभिन्न सब्जियों की बनी हुई आकर्षक पगड़ी भेंट की गई। इस अवसर पर प्रतीक वर्मा एवं प्रिया वर्मा, अथर्व वर्मा, विजय कुमार अग्रवाल, शुगर मिल वाले, विशाल अग्रवाल, चंद्रशेखर यादव एवं किरन यादव, प्रशांत यादव एवं मुस्कान यादव, धीरज अग्रवाल, विनीता अग्रवाल आदि अनेक परिवार शामिल रहे।

# सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं मानव श्रृंखला बनायी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अनुशासी प्रो. एस.एल. पाल ने की। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों की सोच, व्यवहार एवं संस्कृति को परिवर्तित करना है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आये एवं जान-माल की सुरक्षा हो सके। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की जिम्मेदारी है। इसमें विद्यार्थियों को शामिल कर जागरूकता उत्पन्न करना है। इस कार्यक्रम की थीम 'परवाह करेंगे, सुरक्षित रहेंगे।' कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. कटियार, प्रो. रामकुमार सिंह, श्री मदनपाल सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, श्री देवेश पाठक, श्री गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विनय दुआ, श्री धनीराम, डॉ. भूदेव सिंह आदि शिक्षक तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संत रविदास जयंती के आयोजनों की अनुमति नहीं दे रहा जिला प्रशासन

## सांसद ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजनों को लेकर अनुमति न मिलने की खबरों के बीच सियासी और सामाजिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इस मामले को लेकर नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भारतीय समाज के महान संत, समाज सुधारक और सामाजिक न्याय के प्रतीक रहे हैं। उनकी विचारधारा भारतीय संविधान की मूल भावना—समता, बंधुत्व और न्याय—से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के कई जिलों से संत गुरु रविदास जी की जयंती के आयोजन एवं शोभायात्राओं को प्रशासन द्वारा अनुमति न दिये जाने की सूचनाएं सामने आ रही हैं। सांसद ने इसे संविधान, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा आघात करार दिया है।

राज्य के प्रत्येक जिले में संत गुरु रविदास जयंती मनाने की पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, आयोजनों में बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने, जिन जिलों में अनुमति नहीं दी जा रही वहां जिला प्रशासन से स्पष्टीकरण लेने तथा सभी प्रशासनिक इकाइयों को सहयोग करने के स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग शामिल है।


सांसद चंद्रशेखर आजाद

सांसद ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो बहुजन समाज इसे सामाजिक न्याय, संत परंपरा और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश मानेगा और लोकतांत्रिक व संवैधानिक दायरे में रहकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने सरकार से अपेक्षा जताई है कि मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की जाए।

# वन विभाग व एनएचएआई अधिकारियों के विवाद ने तूल पकड़ा

## वन विभाग के एसडीओ सहित पुलिस ने 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की


**बिजनौर ( चिंगारी )।** एनएचएआई और वन विभाग के अधिकारियों के बीच मंगलवार को हुए विवाद में हाईवे निर्माण कार्य से जुड़े ट्रक चालक की ओर से पुलिस ने वन विभाग के एसडीओ सहित पांच के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज, मारपीट व इंजीनियर का अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पूर्व वन विभाग ने भी एनएचएआई के कर्मचारियों के खिलाफ पेड़ काटने की रिपोर्ट दर्ज कर इंजीनियर की गिरफ्तारी दिखाकर चालान कर दिया था।

उत्तराखंड थाना बाजपुर के ग्राम विक्रमपुर निवासी ट्रक चालक कावल सिंह ने थाना शहर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह भारतीय प्राधिकरण एनएच-119 के निर्माण कार्य में इंजीनियर अनूप कुमार के अधीन ट्रक चालक के रूप में कार्य करता है। 20 जनवरी को करीब डेढ़ बजे ग्राम नवलपुर, बिजनौर में हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान वन विभाग बिजनौर के एसडीओ ज्ञान सिंह अपने साथियों योगेन्द्र सिंह, विवेक मोहन व दो सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और कार्य को जबरन रुकवा दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए ट्रक चालक व हाईवे इंजीनियर को गालियां दीं और बिना उनकी अनुमति के कार्य करने पर रोक लगाने की बात कही। समझाने का प्रयास करने पर आरोपियों ने बंदूक की बट व लात-घूसों से उसे व इंजीनियर अनूप कुमार के साथ मारपीट की।

आरोप है कि इसके बाद इंजीनियर अनूप कुमार को जबरन अपने साथ ले जाया गया और एनएचएआई के कार्य में लगे दो डंपरों को भी कब्जे में लेने की कोशिश की गई। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई मारपीट से वह बेहोश हो गया। इंजीनियर अनूप कुमार का कोई पता नहीं है। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को वन विभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह ने एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा, इंजी. अनूप सिंह सहित 25 अज्ञात के खिलाफ वन विभाग अधिनियम की धाराओं में मुकदमा कराया था। इंजी. अनूप सिंह को गिरफ्तार दिखाकर चालान कर दिया है।

## विधायक मनोज पारस ने फार्म 6 भरने के लिये जागरूक किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** विधायक मनोज पारस द्वारा आयोजित एसआईआर फार्म छः के बारे में लोगों को जागरुक करने के उदेश्य से मुअज्जमपुर रोड स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता सैयद एजाज हुसैन ने व संचालन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शेख मोहम्मद जाहिद ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन रहे। इस अवसर पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि एसआईआर के प्रथम चरण में जो जोश लोगों ने दिखाया, वह काबिले तारीफ है। दूसरा चरण शुरू हो चुका है, इसमें अपने वोट बनवाने में कोई कोर कसर न रहने दें। श्री पारस ने कहा कि पिछले चरण में उनके विधानसभा क्षेत्र नगीना में पूरे जिले में सबसे अच्छा कार्य हुआ है। विधायक मनोज पारस ने कहा कि एसआईआर लागू करके सरकार ने अच्छा काम किया है। इस कार्य से लोगों ने अपने वोट व दस्तावेज मुकम्मल कर लिये हैं। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि फार्म नम्बर छः भरने में यदि कोई दिक्कत किसी को आ रही हो तो वह गांव में ग्राम प्रधान से तथा शहर में सभासद या चेयरमैन से व विधायक से सम्पर्क कर सकता है। एसआईआर कार्य के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किए गए वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रमेश तोमर ने अपने सम्बोधन में भाजपा सरकार की खूब बखिया उधेड़ी। इस से पूर्व सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अनेक सपा नेता, ग्राम प्रधान, सभासद व आम लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## लेंटर गिरने से मकान मालिक की दबकर मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार की दोपहर नगर के मुहल्ला इमामबाड़ा निवासी 42 वर्षीय वसीम अहमद अपने पुराने मकान की छत पर चढ़कर खुद ही जर्जर लेंटर तोड़ रहा था, वह लेंटर का काफी भाग तोड़ चुका था कि इस दौरान अचानक पूरा लेंटर भरभराकर एक साथ गिरा और ऊपर अकेला काम कर रहा वसीम उसके नीचे दब गया। तेज अवाज सुनकर परिजनों व मौहल्ले के काफी लोग मौके पर पहुंच गये। काफी देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद लेंटर का काफी बड़ा हिस्सा हटाकर वसीम को किसी तरह बाहर निकाला गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु तत्काल धामपुर के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और मौहल्लेवासियों में शोक व्याप्त है।



## समर्थकों की बांछें खिलीं, नगराध्यक्ष बने हसन अली



**किरतपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रेस क्लब के महामंत्री एडवोकेट हसन अली चौधरी को समाजवादी पार्टी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। समर्थकों ने खुशी का इजहार करते हुए हसन अली एडवोकेट का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

गत दिवस विधायक मनोज पारस के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में हसन अली चौधरी एडवोकेट के नाम का प्रस्ताव पूर्व सपा नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी ने रखा, जिसका अनुमोदन सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, विधायक मनोज पारस व डॉ. रमेश तोमर ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए हसन अली चौधरी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे उसे बखूबी निभाएंगे। सभी नये-पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे, किसी को शिकायत का मौका नहीं देंगे। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है। एसआईआर कार्य भाजपा की गले की फांस बन गया है। उल्लेखनीय है कि शब्बन जुनेदी 2017 से किरतपुर सपा नगर अध्यक्ष पद पर रहे, अब उन्होंने स्वास्थ्य संबंधित कठिनाई के चलते सपा नगर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

## जीएसटी घोटाले का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

### फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी की चोरी की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश में टैक्स चोरी के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजनौर में एक बड़े जीएसटी घोटाले का खुलासा हुआ है। फर्जी जीएसटी फर्मों के माध्यम से करीब 2.24 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच और थाना शेरकोट पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अभी फरार हैं।

राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर संदीप कुमार वर्मा ने फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी में थाना शेरकोट में अलग-अलग कुल छह मुकदमे दर्ज कराए थे। मामलों की जांच के लिए एएसपी सिटी डा.केजी सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई। जांच में सामने आया कि विभिन्न फर्मों ने फर्जी व्यापार स्थल दर्शाकर, बिना किसी वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के, बोगस लेन-देन दिखाकर अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास ऑन किया। एसआईटी प्रभारी/एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया कि शमा परवीन उर्फ गुड़िया नामक महिला अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और भोले-भाले लोगों को सरकारी योजनाओं और नौकरी का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, सिम कार्ड, बिजली बिल और अन्य दस्तावेज मामूली रकम में हासिल करती थी। इन्हीं दस्तावेजों से बोगस जीएसटी फर्मों का पंजीकरण कराया गया। इन फर्मों को आगे कादिर और शाहनवाज जैसे आरोपियों को बेचा गया, जिन्होंने फर्जी बिलिंग और ई-वे बिल के जरिये करोड़ों रुपये का फर्जी कारोबार दिखाया। एक फर्म से ही 1.22 करोड़ रुपये का फर्जी टर्नओवर दिखाकर 22 लाख रुपये की आईटीसी पास की गई, जबकि अगली लेयर में 9.13 करोड़ रुपये का फर्जी कारोबार दर्शाकर 1.64 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी आपस में कार्य विभाजन कर बोगस जीएसटी फर्मों का पूरा नेटवर्क चला रहे थे। कोई दस्तावेज जुटाता था, कोई फर्म रजिस्ट्रेशन कराता था, तो कोई फर्जी बिल और ई-वे बिल तैयार करता था। इस संगठित नेटवर्क के जरिए सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। एसआईटी ने मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को इंद्रजीत पुत्र गिरवर निवासी ग्राम मेघावाला थाना, जसपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड, जीशान पुत्र रमजानी निवासी नई बस्ती जसपुर, मोहम्मद अजमल पुत्र मौ. नबी निवासी मोहल्ला छिपियान जसपुर व वसीम पुत्र मौ. इकबाल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तीन कूट रचित आधार कार्ड, 10 अन्य आईडी, 30 फर्म खोलने से जुड़े दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन और ई-वे बिल बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक इस मामले में मुख्य आरोपी शाहनवाज, शमा परवीन उर्फ गुड़िया पत्नी दिलशाद निवासी मोहल्ला निकम्माशाह थाना शेरकोट व कादिर पुत्र नफीस निवासी नई बस्ती जसपुर फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# चोरों ने दो और बंद घरों को बनाया निशाना

**नांगल सोती (चिंगारी)।** सोमवार-मंगलवार की रात्रि में चोरों ने नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी प्रवीन सिंह के बंद घर से नकदी-जेवर चोरी कर लिये थे। मंगलवार-बुधवार की रात्रि में चोरों ने गांव के दो और बंद घरों को खंगाल दिया। गांव

## पीतल के बर्तन, चांदी के जेवरात चुराये

निवासी तेजपाल उर्फ मांगे परिवार संग हरिद्वार में रहकर काम करता है। मांगे की पत्नी गुड्डी देवी ने बताया कि वे लोग सोमवार को घर आये थे तथा शाम को हरिद्वार वापस चले गये थे। चोर दीवार फांदकर अंदर घुसे तथा दो कमरों के ताले तोड़कर पीतल के कई बर्तन, संदूक में रखे 3500 रूपये, थैले में रखे 700 रूपये, चांदी का पैंडिल व 5 जोड़ी बिछुए चोरी कर लिये, जबकि गांव निवासी वीर सिंह



मौके पर मौजूद पुलिस एवं ग्रामीण।

सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद में काम करते हैं तथा परिवार सहित नजीबाबाद में ही रहते हैं। चोर उस बंद पड़े घर में भी दीवार फांदकर घुसे तथा दो कमरों के ताले व अलमारी का लॉक तोड़कर चांदी का एक सिक्का, चांदी का जूड़ा, दो जोड़ी बिछुए तथा संदूक में रखे पीतल के बर्तन चोरी कर लिये। वीर सिंह के पुत्र विकास ने बताया कि चोरों ने 3 माह पूर्व भी उनके घर में चोरी का प्रयास किया था। पीड़ितों ने घर पहुंचकर डायल 112 पर शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। ज्ञातव्य है कि उक्त गांव में पिछले एक-डेढ़ साल से लगातार अंतराल पर बंद पड़े दर्जनों घरों को निशाना बनाया जा चुका है। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह का कहना है कि चोरों का पता लगाने को पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

# कुवैत से तीन तलाक़ देने वाले का वीजा निरस्त करने की गुहार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर उसकी बहन को कुवैत से तीन तलाक देने वाले मुख्य आरोपी का वीजा निरस्त कराने की कार्यवाही शुरू किये जाने की गुहार लगाई है। भाजपा सरकार तीन तलाक को गैरकानूनी करार देकर इसकी रोकथाम हेतु कानून भी बना चुकी है, मगर गैरकानूनी तीन तलाक का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नांगल थानांतर्गत ग्राम सबलपुर बींतरा निवासी मुस्तकीम अहमद ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसकी बहन फरहाना परवीन की शादी आवेश पुत्र सफी निवासी ग्राम अलीपुरा, थाना नजीबाबाद से हुई थी। आवेश विदेश में रहता है और उसने वहीं से फरहाना को तीन तलाक दे दिया है। इस सम्बन्ध में फरहाना ने पति आवेश व अन्य के खिलाफ थाना नजीबाबाद में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है उक्त मुकदमे में पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। मुख्य आरोपी आवेश, जो कि कुवैत में रहता है, वहीं से गाली-गलौच करते हुए उसकी बहन को धमकी दे रहा है। मुस्तकीम ने मुकदमे के मुख्य आरोपी आवेश का वीजा निरस्त कराने की कार्यवाही किये जाने की मांग की है, ताकि उसकी बहन को न्याय मिल सके। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

# एआईएमआईएम में शामिल हुये नासिर हसन



**चांदपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के नेता नासिर हसन ने सपा को छोड़कर एआईएमआईएम में शामिल होने की घोषणा की। इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नगर अध्यक्ष चांद हाशमी ने नासिर हसन को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया। चांद हाशमी ने बताया कि शीघ्र ही बड़ी संख्या में विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता एआईएमआईएम में शामिल होंगे।

# आसपा में शामिल हुये शेरबाज पठान, चन्द्रशेखर ने किया उनका सम्मान



**चांदपुर (चिंगारी)।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य शेरबाज पठान कांग्रेस छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने श्री पठान को पटका पहनाकर उनका स्वागत/सम्मान किया। शेरबाज पठान के कांग्रेस छोड़कर आसपा में शामिल होने से जनपद ही नहीं, पूरे मुरादाबाद मंडल में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली स्थित सांसद चन्द्रशेखर आजाद के नार्थ एवेन्यू सरकारी आवास पर पहुंचकर शेरबाज पठान ने आसपा में शामिल होने की घोषणा की। श्री पठान के आसपा में शामिल होने से जहां कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है, वहीं उनके आने से जनपद बिजनौर में आसपा को मजबूती मिलेगी। मालूम हो कि शेरबाज पठान पिछले कई वर्षों तक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहे। उन्होंने जनपद बिजनौर में कांग्रेस को मजबूत बनाने में कड़ी मेहनत की थी।

## आपत्तिजनक वीडियो किया जारी, युवक को पड़ेगा भारी

**नहटौर (चिंगारी)।** देवी-देवताओं के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नहटौर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रभु श्रीराम के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। मामले को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला संज्ञान में आने पर एसपी बिजनौर ने नहटौर थाना अध्यक्ष को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जायेगी नेताजी की जयंती

**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिजनौर शहर प्रकोष्ठ द्वारा कल 23 जनवरी को सायं 4 बजे मौहल्ला चाहशीरीं स्थित नौबत राय शिव चित्रगुप्त मंदिर में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की 129वीं जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जायेगी।



कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव ओमसहाय भटनागर ने जानकारी देते हुये बताया कि इस अवसर पर युवा चित्रांश बंधुओं द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी सनातनियों से नेता जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का आह्वान किया है।

# पीएम आवास योजना में किसी को न दें पैसे - ईओ

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर पालिका के ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने वीडियो जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2-0 के अंतर्गत 260 लाभार्थियों के अकाउंट में सिंगल क्लिक के माध्यम से धन राशि प्रदान की जा रही है। इस क्रम में किसी भी प्रकार की कोई नागरिक संस्था, कोई भी इंजीनियर या कोई भी प्राइवेट व्यक्ति कोई भी शुल्क लेता या धन राशि की मांग करता है तो उसकी जानकारी दें। प्रधानमंत्री शहरी योजना बिल्कुल नि:शुल्क है। उसके लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं दिया जाए। किसी को अपनी पासबुक या एटीएम न दें। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आवास योजना 2-0 के अंतर्गत पैसों की मांग की जा रही है। लाभार्थियों के एटीएम या पासबुक अपने पास रख रहे हैं। किसी भी लाभार्थी से अगर ऐसी कोई माग करता है तो तुरंत नगर पालिका परिषद स्योहारा को अवगत करायें।

# काली माता मंदिर पर बैनर लगाने को लेकर हुआ विवाद प्रशासन की सूजबूझ से निपटा

**स्योहारा (चिंगारी)। बुधवार की शाम को नगर में प्राचीन काली माता मंदिर पर उस समय विवाद हो गया, जब मंदिर के महंत व एक संस्था में बैनर लगाने को लेकर कहासुनी हो गयी।**

पुलिस क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों बैनर हटवाकर मामले का निपटारा कराया। काली माता मंदिर का निर्माण लगभग 60 वर्ष पूर्व माता के मठ पर निलेश्वर महादेव मंदिर की गद्दी से आए संत बाबा त्रिलोकीदास ने कराया था। यहां माघ माह में गुरू परम्परा से भंडारे का आयोजन कराया जाता रहा है। उक्त भंडारे में संत समाज भी मंदिर पहुंचता है। निलेश्वर महादेव मंदिर हरिद्वार के श्री महंत भी भंडारे में आते हैं। लगभग 12 वर्ष पूर्व महंत बाबा त्रिलोकीदास के स्वर्गीय होने पर निलेश्वर महादेव मंदिर के श्री महंत ने बाबा गोपालदास को मंदिर का संचालन करने के लिए भेजा था, जिसके बाद वे भी गुरू परम्परा के अनुसार भंडारा कराते आए है। वर्ष 2025 में श्री महंत हरिदास महाराज द्वारा गोपाल



दोनों पक्षों को सुनते पुलिस क्षेत्राधिकारी।

दास महाराज को मंदिर का महंत बनाया गया। उधर एक संस्था शिव शक्ति ट्रस्ट ने दावा किया कि वह मंदिर का संचालन करते हैं और भंडारा कराने के लिए गोपालदास की फिलैक्सी के ऊपर ही अपनी फैलेक्सी लगा दी, इसके बाद बाबा गोपालदास ने इस वर्ष होने वाले भंडारे का बैनर बुधवार की शाम को लगा दिया, जिस पर विवाद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बैनर को हटवा दिया। जानकारों का कहना है कि यहां कोई संस्था नहीं रही, सिर्फ यहां रहने वाले बाबा ही मंदिर का संचालन करते आए हैं।

# स्योहारा के विकास को मिलेगी नई गति, सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

**स्योहारा ( चिंगारी )। सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर नगरपालिका द्वारा सब्जी मण्डी आदि के लिये प्रस्तावित सरकारी भूमि पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की है।**

## प्रस्तावित भूमि को कब्जामुक्त कराने का आह्वान किया

सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुरादाबाद रोड, स्योहारा स्थित बस स्टैंड निर्माण हेतु लगभग 5 बीघा तथा सब्जी,फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 12 बीघा सरकारी भूमि का विधिवत प्रस्ताव जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों को भेजा जा चुका है। यह परियोजना नगर के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताई गई है। पत्र में यह भी चिंता जताई गई है कि प्रस्तावित सरकारी भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे न


सांसद से मिलते चेयरमैन।

केवल जनहित की, इस महत्वपूर्ण योजना में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी हुई है। समय रहते कार्रवाई न होने पर भविष्य में भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लिखा है कि स्योहारा में स्थायी बस स्टैंड के अभाव में आम जनता को जाम यातायात, अव्यवस्था और असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरे होने से नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर प्रस्तावित सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाए, ताकि बस स्टैंड, मंडी, पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि शासन स्तर पर त्वरित निर्णय से स्योहारा के विकास को नई गति मिलेगी। इस पर चेयरमैन फैसल वारसी ने सांसद का आभार जताया।

## पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया शिविर का पांचवा दिन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मुहल्ला जाटान स्थित गीता इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई की स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्राम तीवड़ी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। पांचवें दवस के मुख्य अतिथि व पर्यवेक्षक सुभाष चन्द्र (उप प्रधानाचार्य) राजकीय इ.क. बिजनौर व स्कूल प्रबंधक धर्मवीर सिंह सैनी एड. रहे। सुभाष चन्द्र ने कैम्प का निरीक्षण कर स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। स्वयं सेविकाओं ने ग्राम तीबड़ी में रैली निकालकर ग्रामवासियों को पर्यवरण से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय से श्री तिलक राम (प्रवक्ता), हिमांशु सैनी (प्रवक्ता), विशाल दीप राय (प्रवक्ता), गजराज सिंह रवि (प्रवक्ता), अमृत सिंह, फहीम अहमद, श्रीमती रीना रानी, श्रीमती शैली राजपूत, श्रीमती राजवाला, कु. रुहिना अंसारी, श्री कृष्ण कुमार (प्रवक्ता) आदि उपस्थित रहें।

# चांदपुर के दो होनहार कबड्डी खिलाड़ियों ने बढ़ाया बिजनौर का मान, खूब मिला सम्मान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र चांदपुर के दो प्रतिभाशाली कबड्डी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। आंध्रप्रदेश में 15 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक आयोजित 51वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम ने कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में चांदपुर क्षेत्र के आयुष चौधरी पुत्र सतीश कुमार निवासी ग्राम अकौंधा तथा परमजीत सिंह पुत्र त्रिवेंद्र सिंह निवासी ग्राम बागडपुर ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया। टीम की कमान आयुष चौधरी को कप्तान के रूप में सौंपी गई थी। आयुष चौधरी के उत्कृष्ट नेतृत्व एवं बेहतरीन प्रदर्शन के चलते उत्तर प्रदेश टीम कांस्य पदक जीतने में सफल रही। प्रतियोगिता से लौटने पर ग्राम अकौंधा में खुशी का माहौल देखने को मिला। गांव पहुंचते ही खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में पहुंच। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ केक काटकर खुशी साझा की और उन्हें आशीर्वाद दिया। उल्लेखनीय है कि दोनों खिलाड़ी जे.डी. कबड्डी अकेडमी, ग्रेटर नोएडा में कोच जितेंद्र नागर के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरेंद्र मलिक, महेंद्र शर्मा, बहादुर सिंह प्रधान, अनीश प्रधान,चौधरी गजेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों, उनके परिजनों एवं कोच को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# समारोहपूर्वक हुआ रासेयो शिविरों का समापन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिलेराम मैमोरियल इंटर कॉलेज की प्रथम इकाई व द्वितीय इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह पूर्वक किया। समापन प्रधानाचार्य लाखन सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंधक श्रीमती ललिता रानी एवं व्यवस्थापक एडवोकेट भूदेव सिंह चंदेल, पर्यवेक्षक सुभाष चंद्र, उप. प्रधानाचार्य रा. इ. का. बिजनौर, ग्राम प्रधान श्रीमती राजकुमारी, कादरपुर जसवंत उर्फ गोकलपुर व सभासद मौ. अफजाल राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा अपने चयनित ग्राम कादरपुर जसवंत उर्फ गोकलपुर में व द्वितीय इकाई द्वारा अपने चयनित मोहल्ला जाटान काजीपाड़ा मलिन बस्ती बिजनौर का आयोजन किया। पर्यवेक्षक सुभाष चंद्र, उप. प्रधानाचार्य रा.इ.का. बिजनौर व प्रधानाचार्य लाखन सिंह ने संयुक्त रूप से अपने संबोधन में सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को दहेज प्रथा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया।

# मतदाता जागरूकता पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं चंद्रहास सिंह के संचालन में हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि मतदाता जागरूकता का मकसद भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) और संबंधित संगठनों द्वारा नागरिकों को उनके मतदान अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करने, व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसईईईपी) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भागीदारी और सूचित विकल्पों को प्रोत्साहित करने, रैलियों, मीडिया और प्रतिज्ञा अभियानों का उपयोग करके एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के प्रयास है। इस अवसर वा उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य मतदाता को अपने मत का सही उपयोग करने के लिए जागरूक करना है। जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स ने कहा कि यह सरकार की लोकतंत्र की मजबूती के लिए अच्छी पहल है। इस अवसर पर बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, करन वीर सिंह, विनोद कुमार यादव आदि ने संबोधित किया।



# प्रभावपूर्ण रहा शिक्षण अधिगम में नवाचार विषय का तृतीय दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर के अध्यापक शिक्षा विभाग एवं वर्धमान कॉलेज बिजनौर के अध्यापक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान एवं प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित छात्राओं हेतु छह दिवसीय 19 से 24 जनवरी एंड ऑन कोर्स शिक्षण अधिगम में नवाचार विषय का तृतीय दिवस प्रभावपूर्ण रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता वरिष्ठ सदस्य वीर चैरिटेबल सोसायटी बिजनौर, प्रताप सिकंदार असिस्टेंट प्रोफेसर एवं रिसोर्स पर्सन आर.बी.डी. महिला महाविद्यालय, डॉ. मंजू चौधरी कार्यवाहक प्राचार्या समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ. मंजू, कार्यक्रम समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह एवं सह समन्वयक डॉ. नज्मुनिसा द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में समस्त अतिथिगण का स्वागत बैज़ लगाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। डॉ. सुरेश सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन प्रताप सिकंदार ब्रेनस्टॉर्मिंग का अर्थ बताते हुए कहा कि ब्रेनस्टोर्मिंग मानसिक मंथन है, जहां एक व्यक्ति या एक समूह मिलकर किसी विशेष

## आरबीडी में 6 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

समस्या का समाधान खोजते या नए विचारों को उत्पन्न करने के लिए काम करते हैं। छात्राओं को चित्र के माध्यम से मानसिक मंथन की एक्टिविटी कराई गई। मुख्य अतिथि प्रवीण गुप्ता ने सभी छात्राओं को आशीष वचन देते हुए इस कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन 6 दिनों में आप नवाचार की सभी विधियों के विषय में विस्तार से समझ सकेंगे। प्रोफेसर मंजू जी ने सभी छात्राओं को इन सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यवाहक प्राचार्या एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. मंजू चौधरी ने कार्यक्रम के तृतीय दिवस के सफल आयोजन के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह एवं समस्त प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए छात्राओं को आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम सह-समन्वयक डॉ. नज्मुनिस्सा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के वित्तीय सत्र में प्रताप सिकंदार एवं सह समन्वयक डॉ. नज्मुनिसा द्वारा छात्राओं से मानसिक मंथन विधि का प्रयोग कर सामूहिक रूप से चर्चा करके 15 प्रश्नों के प्रश्नावली के उत्तर लिए गए तत्पश्चात सभी छात्राओं द्वारा तीनों दिनों के असाइनमेंट जमा किए गए। कार्यक्रम को बनाने में डॉ. सारिका सिंह, डॉ. शीरीन फातिमा, मुकुल पवार, श्रीमती रेनू कुमारी सिंह आदि का सफल योगदान रहा।

# दयालवाला के मूढ़ों की अमेरिका तक गूंज

## इन्हीं मूढ़ों से सजाया गया था मुख्यमंत्री का मंच

मोईन अहमद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के मंडावर क्षेत्र के ग्राम दयालवाला अपने हाथ की कला मूढ़े बनाने को लेकर प्रसिद्ध है। यहां के बने मूढ़े कई प्रदेशों के साथ बड़े-बड़े होटलों व विदेशों तक आपूर्ति किए जाते हैं। गांव दयालवाला में घुसते ही सड़क किनारे बने घरों के चबूतरों पर बुजुर्गों के साथ-साथ महिलाएं व युवा भी सरकंडों के मूढ़े बनाने में जुटे नज़र आते हैं। इस गांव का ये बहुत पुराना पुश्तैनी काम है, जो आज भी बड़ी तादाद में होता है, जिनकी पहचान भारत के कौने-कौने सहित देश-विदेश तक गूंजती है। कई पीढ़ियों से हो रहे मूढ़ों के कारोबार को आज भी युवाओं ने संभाला हुआ है। युवा अपने पुरखों का कारोबार देश-विदेश में बढ़ा रहे हैं। अपने गांव का नाम बढ़ा रहे हैं। दूर-दूर से बड़ी-बड़ी गाड़ियों से



मूढ़े लेने आते हैं लोग। मूढ़े व्यापारी अंकित कुमार ने चिंगारी पत्रकार से वार्ता करते हुए बताया कि हमारे यहां लगातार चार पीढ़ियों से बन रहे हैं मूढ़े। पूरा परिवार करता है मूढ़े बनाने का कार्य, जिससे होता है पालन पोषण। हमने अपने बुजुर्गों के कारोबार को कभी गिरने नहीं दिया, मेहनत कर उसे चार चांद लगाए। हमारे बुजुर्गों ने 3 रुपए कीमत से मूढ़े बेचने शुरू किए थे, आज एक मूढ़े की कीमत कम से कम 700 रुपए हो गई है। देश-विदेश में भी गूंज रही दयालवाला के मूढ़ों की पहचान हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है कि हमारी मेहनत दूर-दूर दिखाई दे रही है।

वहीं पहले हमारे मूढ़े सीमित जगह जाया करते थे, आज हमारे समय में भारत के कौने-कौने जैसे उड़ीसा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली आदि राज्यों सहित देश-विदेश में जाते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व हमारे यहां से मूढ़ों का एक कंटेनर भरकर अमेरिका



गया था, जिसे वहां बहुत पसंद किया गया। आगे भी हमें बड़ी तादाद में अमेरिका से मूढ़ों के लिए ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। वहीं नजीबाबाद में मुख्यमंत्री के एक कार्यक्रम में हमारे मूढ़ों से सजाया गया था मंच, जिसकी मुख्यमंत्री ने की थी सराहना। अंकित ने बताया कि ग्राम दयालवाला सहित ग्राम विरुवाला, कोहरपुर के लगभग 600 परिवारों की आजीविका का साधन है मूढ़ों का व्यापार। जिसमें घर की महिलाओं का भी बराबर सहयोग रहता है। महिलाओं का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि हमें मूढ़े बनाने के लिए जंगल से सड़करा, सरवा, कांस की जरूरत पड़ती है, जो कि हम लोगों को लगातार जंगलों से एकत्रित करना पड़ता है। हमें एक मूढ़ा बनाने में लगभग 8 से 10 घंटे का समय लगता है, जिसमें सारी सामग्री ज्यादातर हमारी महिलाएं द्वारा जैसे बान बुनना, सर्वे सीधे करना, सरकरा सीधा करने जैसे काम किए जाते हैं। मूढ़े बनाने में हमें महिलाओं का भी बड़ा योगदान मिलता है।

## ग्राम बैरमाबाद गढ़ी में जांच टीम ने शिकायतों की जांच की



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी में विकास कार्यों में अनियमिताएं बरतने की शिकायत पर जांच टीम ने सीसी रोड, स्कूल बाउंड्री वॉल और शौचालयों आदि की जांच की। ग्राम पंचायत बैरमाबाद गढ़ी निवासी नसीम अहमद, नासिर अहमद, मकसूद, मौ. हमीम, मौ. अशरफ तथा सुहैल अलताफ ने जिलाधिकारी को शिकायत कर आरोप लगाया था कि विकास कार्यों में अनियमितता है। उन्होंने जांच की मांग की थी। बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में सुमित कुमार, आकाश कुमार, जेई नरेंद्र कुमार तथा पंचायत सचिव रवनील कुमार ने गांव पहुंचकर शिकायतों की जांच की। ग्राम प्रधान अखरीदा का कहना है कि गांव में सभी कार्य निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ कराए गए हैं। जांच टीम के समक्ष सभी तथ्य मजबूती से रखे गए हैं। उन्हें विश्वास है कि जांच रिपोर्ट में विकास कार्यों की पारदर्शिता स्पष्ट हो जाएगी। जांच अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि शिकायतों की जांच कर ली गई है रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

## निर्विरोध सम्पन्न हुआ हिंदू इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय हिंदू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में सभी पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने बताया कि प्रबंध समिति के लिए उपाध्यक्ष अरुण गोयल (रामा कॉलेज), प्रबंधक अरुण अग्रवाल भट्टे वाले, उपप्रबंधक प्रदीप चौहान पत्रकार व संस्थापक श्री हनुमान धाम कोषाध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल क्रेशर वाले तथा सदस्य के लिए कुंवर रविंदर सिंह, अरविंद वर्मा, सुभाष शर्मा, अरविंद राणा, कृपाल राजपूत, शिवकुमार सिंह राजपूत, राकेश राजपूत आदि सभी निर्विरोध चुने गए। गत दिवस चुनाव अधिकारी राजीव चौहान ने सभी पदाधिकारी व सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई प्रबंध समिति के निर्देशन में कॉलेज और अधिक तरक्की करेगा। उल्लेखनीय यह है कि डीएम बिजनौर कॉलेज की आजीवन पदेन अध्यक्ष हैं।

## रस्म पगड़ी 24 को

**खासपुरा ( चिंगारी )। खासपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी मनोहर लाल अरोड़ा की माता जी श्रीमती जीवन कुमारी ( 90 वर्ष ) का निधन 13 जनवरी को हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए शांति हवन, ब्रह्म भोज, रसम पगड़ी 24 जनवरी को ठाकुरद्वारा रोड स्थित सिंह पैलेस स्योहारा में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी।**

## रासेयो शिविर के दूसरे दिन निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**दयालवाला ( चिंगारी )।** नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज, दयालवाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू सिंह के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रीति राजपूत एवं कौशल कुमार के नेतृत्व में सभी




स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट गणेश ठाकुर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति भारद्वाज (प्रधानाचार्या, जीआईसी मार्कण्डेपुरम) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मतदाता जागरूकता दिवस के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता नारे लगाए गए तथा समाज में निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना रहा।

## छात्र-छात्राओं ने दूसरे दिन मतदान के लिए जागरुक किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने डोर टू डोर घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। गांव सिकंदरपुर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी नौशाद अहमद के नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राएं विभिन्न स्लोगनों से लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। साथ ही छात्र-छात्राओं ने वोट हमारा अधिकार है, मतदान अवश्य करें, पंचायत चुनाव में नशे से दूर रहना है, निर्भीक होकर वोट देना है आदि नारे के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। उधर छात्र-छात्राओं द्वारा एसआईआर जागरूकता जानकारी दी गई तथा बीएलओ का सहयोग कर नये वोट बनवाने, नाम में करेक्शन कराने के लिए फॉर्म नम्बर 6 और फॉर्म नम्बर 8 भरने के लिए प्रेरित किया गया। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता प्रभारी शुऐब हनीफ ने छात्र-




छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जितने भी विद्यार्थी युवा-युवती 18 वर्ष की आयु पुर्ण कर चुके हैं वे अपना वोट आवश्यक रूप से बनवाए। वोट ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों तरह से बनवाया जा सकता है। इस अवसर पर अध्यापिका मुस्तबशिरा, काशिफ ज़ैदी, हमजा, जितेंद्र, सफवान, इमाद, ज़ुबैर, अनस, साबिया, लाहेफा जजा, वर्षा, अल्फिया, अल्फ़िशा, सारा सुलेमान कहकशां, तहज़ीबा, सोफिया, सानिया, अंशुबा, रहिमीन, अनुषा आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यूसीसी का एक साल : सभी 23 भाषाओं में उपलब्ध हैं यूसीसी सेवाएं

## समान नागरिक संहिता बनी तकनीकी उत्कृष्टता का मॉडल




**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सेवाएं, अंग्रेजी के अलावा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में उपलब्ध हैं। साथ ही आवेदक एआई की सहायता से भी यूसीसी की प्रक्रिया को समझने के साथ ही अपना पंजीकरण करा सकता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि, यूसीसी के तहत विभिन्न सेवाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा जाए, साथ ही वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली रखा जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति स्वयं ही अपना पंजीकरण करवा सके। इसी क्रम में आईटीडीए ने यूसीसी की वेबसाइट को आठवीं अनुसूची में शामिल 22 अनुसूचित भाषाओं—असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली और मणिपुरी के साथ अंग्रेजी में तैयार किया है। इस तरह आवेदक अपनी भाषा के अनुसार ना सिर्फ यूसीसी के नियम, प्रक्रिया और पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी ले सकता है, बल्कि अपनी भाषा में ही आवेदन भी कर सकता है। इस काम में एआई की भी मदद ली जा सकती है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा हमारी सरकार पहले ही दिन से सरलीकरण से समाधान तक के मूलमंत्र लेकर चल रही है। समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जनसामान्य को पंजीकरण में किसी तरह की मुश्किल न आए। यूसीसी तकनीकी उत्कृष्टता का एक सफल उदाहरण बनकर उभरी है। यही कारण है कि बीते एक साल में यूसीसी प्रक्रिया को लेकर एक भी शिकायत नहीं आई है।

## खो से सुरक्षा दीवार निर्माण में की जा रही लापरवाही वर्षाकाल में खो आबादी में फिर मचायेगी तबाही

### पूर्व सैनिकों ने नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** खोह नदी में नियमों के विरुद्ध हुए सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य पर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी की ओर से आपत्ति जताने के बाद भी संबंधित विभाग समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यदि समय रहते धरातल की स्थिति नहीं सुधारी गई तो गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी वर्षाकाल में खोह नदी आबादी में तबाही मचाएगी। जिससे लोगों को जान-माल का खतरा हो सकता हैं।

बुधवार को समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि आबादी के बीच से होकर गुजरने वाली खोह नदी प्रतिवर्ष वर्षाकाल में तबाही मचाती है। गत वर्ष कई भवन खोह नदी के वेग में बह गए थे, जिसके कारण बाढ़ प्रभावितों को किराये के भवनों में जीवन गुजारना पड़ रहा है। बताया कि लोगों की शिकायत के बाद नगर निगम नदी के तटों पर सुरक्षा दीवार बना रहा है। लेकिन, खोह नदी मुक्ति धाम ट्रेंचिंग ग्राउंड के समीप नियमों की अनदेखी कर बनाई जा रही सुरक्षा दीवार से लोगों को और अधिक बाढ़ का खतरा सताने लगा हैं। हालत यह है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए नदी के बीच से ही सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ऐसे में चौड़ाई कम होने से नदी का पूरा वेग आबादी की ओर होगा। बताया कि पूर्व में सिंचाई विभाग ने निगम के इस कार्य पर सवाल भी खड़े किए हैं। विभाग का कहना है कि इस संबंध में नगर निगम ने उनसे किसी भी प्रकार की एनओसी नहीं ली है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष द्वारा आपत्ति जताने के बाद भी दीवार निर्माण कार्य जारी है, जो उचित नहीं है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में ठाकुर सिंह, गोपाल सिंह नेगी, अनुसुया प्रसाद सेमवाल, आनंद प्रसाद, मुरारी सिंह और सी पी नेगी आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## अग्निवीर भर्ती में कल 1232 ने दिखाया दमखम

### प्रतिभागियों का साथ दे रहा लगातार मौसम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के सातवें दिन बुधवार को पौड़ी गढ़वाल की बीरोंखाल, चाकीसैण, चौबट्टाखाल, धुमाकोट और रिखणीखाल तहसीलों के पंजीकृत 1132 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सातवें दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और सुबह से ही धूप खिली रही। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। वहीं भर्ती रैली में आए युवाओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। भर्ती में आज- 22 जनवरी गुरूवार को कोटद्वार, लैंसडौन और सतपुली तहसीलों के 1201 अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे।

## बाल भारती में अन्तर्विद्यालीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदमपुर मोटाढाक में बुधवार को अंगदानी स्व. कुणाल रावत की पुण्य स्मृति में अंतर विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन गिरिराज सिंह रावत, दलजीत सिंह व हिमानी रावत ने किया। तत्पश्चात रक्तदान एवं अंगदान की महत्ता पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अदिति बडोला प्रथम, सुप्ति मैंदोला द्वितीय और प्राची रावत तृतीय रही। तत्पश्चात इंद्रेश भाटिया, वीरेंद्र सिंह नेगी, मंजू सिंह, दीनानाथ भाटिया, वाचस्पति दीक्षित, इंदु नौटियाल, अजय खंतवाल, प्रकाश ढौंडियाल, शंकर बहादुर व सिद्धार्थ उनियाल को सम्मानित किया गया।

## नगर में बढ़ता जा रहा अतिक्रमण, नगर निगम करे इसका निवारण

### नागरिक मंच ने की आयुक्त से मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच ने शहर में लगातार बढ़ रहे बेसहारा गौवंश और लगातार हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। कहा कि इस कारण शहर की समस्याओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

इस संबंध में बुधवार को मंच अध्यक्ष सी पी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट की ओर से नगरायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम बनने के बाद शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी, लेकिन आंशिक समाधान के कारण समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कहा कि समस्या बढ़ाने में बेसहारा गौवंश भी शामिल हैं। मुख्य बाजार की सड़कों सहित निगम के सभी वार्डों में घूम रहे बेसहारा गौवंश सभी के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। काश्तकारों की खेती को तहसनहस करने के साथ ही ये गौवंश यातायात में भी बाधक बन रहे हैं। इसलिए इनको पकड़कर अन्यत्र शिफ्ट किया जाना चाहिए। वहीं अवैध रूप से खड़ी रेहड़ी व फड़ अतिक्रमण बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। लोगों के आवागमन के मार्ग पर रेहड़ी संचालक रेहड़ियों को खड़ा कर देते हैं, जिस कारण पैदल चलने वालों को सड़क से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसके अलावा ज्ञापन में सड़क पर संचालित हो रहे गैरेजों को शिफ्ट करने व आवारा कुत्तों की समस्या पर भी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## जीएसटी अपील अधिकरण के सदस्यों ने कार्यभार किया ग्रहण



**नैनीताल ( चिंगारी )।** जीएसटी अपील अधिकरण (GSTAT) CGST एवं SGST दोनों की राजस्व सुरक्षा करता है। जीएसटी अपील अधिकरण (GSTAT) के सदस्यों द्वारा प्रिंसिपल बेंच के साथ एक वेबिनॉर का आयोजन हुआ। GSTAT विरोधी व्याख्याओं को रोककर कर प्रशासन में एकरूपता एवं पारदर्शिता लाता है तथा कर, ब्याज, जुर्माने के उचित बंटवारे को सुनिश्चित करता है।

बुधवार को जीएसटी अपील अधिकरण - GSTAT की देहरादून बेंच पूर्ण रूप से कार्यरत हुई। बेंच के सदस्य आनंद शाह, सदस्य (तकनीकी - केंद्रीय), राजेश जैन, सदस्य (न्यायिक), तथा नरेश कत्याल, सदस्य (न्यायिक) ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। इस मौके पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय, देहरादून तथा राज्य जीएसटी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जीएसटी अपील अधिकरण (GSTAT) के सदस्यों द्वारा प्रिंसिपल बेंच के साथ एक वेबिनॉर का भी आयोजन हुआ।

यह कदम जीएसटी व्यवस्था में विवाद समाधान की प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जीएसटी अपील अधिकरण (GSTAT) CGST एवं SGST दोनों की राजस्व सुरक्षा करता है तथा जीएसटी में निष्पक्ष, संतुलित विवाद समाधान प्रदान करता है। सहकारी संघवाद पर आधारित इसकी संरचना में न्यायिक एवं केंद्र-राज्य तकनीकी सदस्य शामिल हैं, जो दोनों पक्षों के हितों की समान रक्षा सुनिश्चित करते हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# फील्ड आफिसर की मौत के मामले में रिलेशनशिप में रहने वाली युवती गिरफ्तार



चांदपुर (चिंगारी)। बजाज फाइनेंस कंपनी के फील्ड आफिसर हरिओम की मौत के मामले में पुलिस ने उसके साथ पिछले डेढ़ साल से लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली युवती को दो मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। मृतक के चचेरे भाई बिपेन्द्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शीतल व अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर उसके चचेरे भाई हरिओम की हत्या की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर शीतल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में शीतल ने बताया कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ है। वह मृतक हरिओम के साथ पिछले डेढ़ साल से चांदपुर में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दिसम्बर 2025 में वह गर्भवती हुई थी, उपचार के दौरान उसका मिसकैरेज हो गया था, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। 15जनवरी को मृतक द्वारा गाली-गलौच व मारपीट किये जाने पर वे अपने घर हापुड़ चली गई थी। 18 जनवरी को पुन: चांदपुर आने पर आपसी विवाद हुआ, इसी दौरान मृतक हरिओम ने बिजली के केबल से पंखे पर फांसी लगाने का प्रयास किया, जिसपर उसने जान से मारने की नीयत से उसके पैरों में लात मार दी, जिससे वह फंदे पर लटक गया। कुछ समय बाद उसने उसे फंदे से उतार कर परिजनों व मित्रों को सूचना दी। बाद में अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# किशोर के मर्डर में पुलिस कर रही कई से पूछताछ, जल्दी होगा खुलासा

## किशोर को लोगों ने नम आंखों से किया सुपुर्दे खाक

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस जलालाबाद में किशोर के मर्डर में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लग गये है, जल्दी ही इस केस का पुलिस खुलासा करेंगी। मंगलवार को कस्बा निवासी 16 वर्षीय अरमान की डंडे से पीटकर व गला काटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना के बाद उसके भाई की तहरीर पर कस्बे के दो किशोरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करते हुए इस मामले के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस किशोर की हत्या किस रंजिश में वह क्यो की गई है इसकी जांच में जुटी है। बीती शाम कस्बा जलालाबाद के शेख सराय निवासी किशोर अरमान पुत्र महबूब का शव पोस्टमार्टम के बाद बिजनौर से उसके घर पहुंचने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। काफी संख्या में लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर मासूम की बेरहमी से की गई हत्या पर दुख व्यक्त किया। बीती रात किशोर के शव को कस्बे में स्थित कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से सुपुर्दे खाक किया।

### इतना खून न बहता तो बच सकती थी किशोर की जान: फुरकान खां

नजीबाबाद (चिंगारी)। सपा नेता मौ. फुरकान खां ने जलालाबाद के किशोर अरमान की बेरहमी से की गई हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में मानवता घटती जा रही है। उन्होंने कह कि जब लोगों ने घटना वाली रात मासूम को लहूलुहान हालत में एक स्थान पर पड़ा तड़पता देखा तो किसी ने उसे वहां से तुरंत उठाकर अस्पताल पहुंचाने का काम क्यों नहीं किया, बल्कि एक मस्जिद के कुछ जिम्मेदार लोगों ने खून निकलने से तड़प रहे किशोर को जब वहां से उठाने का प्रयास किया तो अन्य लोगों ने उन्हें रोक दिया, जबकि अगर किशोर को समय से उपचार मिल जाता तथा इतना खून न बहता तो शायद उसकी जान बच सकती थी ? उनका सवाल है कि आखिर लोग इतने खुदगर्ज़ क्यो होते जा रहे है, अगर यही हाल रहा तो आगे आने वाले दौर में कोई किसी की मदद को कैसे आगे आने की हिम्मत करेंगा।

# उत्कर्ष की मौत का रहस्य बरक़रार

## दोपहर तक नहीं मिल पाई पीएम रिपोर्ट

बिजनौर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल में एडीजे बागपत की बेटी के मंगेतर उत्कर्ष की मौत का रहस्य अभी बरक़रार है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतेज़ार किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर पैनी नजर बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि धामपुर शुगर मिल से बुधवार को राजस्थान निवासी उत्कर्ष (लगभग 30 वर्ष) का शव बरामद हुआ था। उत्कर्ष मिल के गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। उनकी सगाई बागपत में तैनात महिला एडीजे की बेटी से हुई थी। जल्द ही विवाह होना तय था। हाई प्रोफाइल केस होने के कारण पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया था। एडीजे ने पुलिस से कहा था कि उनके आने के बाद ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाये।

शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता ने बताया कि रात्रि लगभग साढ़े सात बजे शव को मिल से ले जाया गया। उधर, सीओ धामपुर अभय पांडेय के अनुसार उत्कर्ष की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है, इसके बाद ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

### मिल की ओर से दर्ज की गई सूचना

इस मामले में पुलिस का कहना है कि उत्कर्ष के पिता कुछ अन्य लोगों के साथ मिल पहुंचे थे। उन्होंने बेटे को देखा पर किसी प्रकार की कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी। रानी बाग़ चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार के अनुसार मिल प्रशासन की ओर से उत्कर्ष की मौत संबंधी सूचना की तहरीर पुलिस को सौंपी गई है।

### गेट खुला था, अंदर पड़ा था उत्कर्ष का शव

**हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उत्कर्ष की मौत की गुत्थी सुलझ पाएगी, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक जब अटेंडेंट मिल के गेस्ट हाउस में उत्कर्ष के पास पहुंचे तो कमरे का दरवाज़ा खुला था। उत्कर्ष का शव बैड पर पड़ा था। लोग हार्ट अटैक की संभावना भी जता रहे हैं।**

### 12 जनवरी से मिल में थे उत्कर्ष

मिल प्रशासन का कहना है कि उत्कर्ष 12 जनवरी से मिल में रुके हुये थे, वह सुबह को मिल से निकलते थे और शाम को वापस आते थे। उत्कर्ष मिल में क्यों रुके थे, कहाँ जाते थे, इस बारे में पुलिस और मिल प्रशासन को कुछ ज़्यादा मालूम नहीं।






# बीएलओ आमिर अली घर-घर जाकर कर रहे नोटिस का वितरण



नजीबाबाद (चिंगारी)। चुनाव आयोग द्वारा वृहद गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के चलाए जा रहे दूसरे चरण के अभियान के तहत जो मतदाता नो मैपिंग के अंतर्गत आए थे, या जिनके द्वारा वर्ष 2003 की डिटेल्स अपूर्ण थी। उनके तहसील से नोटिस प्राप्त हुए थे। उन सभी नोटिस का वितरण घर जाकर प्राप्त कराना था। उन सभी नोटिस की पावती व फोटो को बीएलओ ऐप पर अपलोड करना था। बीएलओ आमिर अली ने बताया कि उनकी भाग संख्या 252 में 31 नोटिस प्राप्त हुए है। नोटिस प्राप्त सभी मतदाताओं को 28 जनवरी को 12 बजे से 2:30 बजे के बीच तहसील स्थित कवि दुष्यंत सभागार में अपनी आयु के अनुसार प्रमाण लेकर उपस्थित होना है। बीएलओ आमिर अली ने घर-घर जाकर नोटिस वितरण करते हुए मतदाता अमरीन, रोशन, दीपिका, सुमित, पूजा, विवेक वर्मा आदि को उनके घरों पर जाकर नोटिस प्राप्त कराया है।